राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

आज राजभवन में महामहिम राज्यपाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये

पटना, 11 अप्रैल 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन के जन्मदिन (12 अप्रैल) के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व आज वृहस्पतिवार (11 अप्रैल) को दिव्यांग बच्चों द्वारा आकर्षक रंगमय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

महामहिम राज्यपाल के 'जन्मदिन' (12 अप्रैल) के उपलक्ष्य में आज एक दिन पूर्व 'आशादीप' दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, दिग्घा (पटना) के बच्चों को राजभवन आमंत्रित कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा दरबार हॉल में मनोरम प्रस्तुतियाँ हुईं।

दिव्यांग बच्चों ने 'प्रार्थना गीत–नृत्य' से कार्यक्रम की शुरूआत की। उनका दूसरा समूह–गीत भारत की विविधता में एकता की छवि तथा कौमी एकजेहती को प्रतीकित करनेवाला था। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने 'जन्मदिन शुभकामना–गीत' भी प्रस्तुत किया और महामहिम राज्यपाल के स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की।

कार्यक्रम में बच्चों को स्कूली परिधान, स्कूली बैग, टिफिन कैरियर, जूते–मोजे आदि उपयोगी सामाग्रियाँ प्रदान की गईं। महामहिम के साथ दिव्यांग बच्चों ने प्रीतिपूर्वक अल्पाहार ग्रहण किया और तस्वीरें खिचवायीं। राज्यपाल को 'आशादीप' के दिव्यांग बच्चों ने अपने द्वारा बनाई गईं कुछ तस्वीरें भी भेंट की।

महामहिम राज्यपाल श्री टंडन ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को किसी से दया, कृपा या सहानुभूति नही चाहिए, बल्कि समाज के अन्य सभी बच्चों की भाँति ये दिव्यांग बच्चे भी भरपूर स्नेह, शिक्षा और समग्र विकास के समुचित अवसर के वास्तविक हकदार हैं। राज्यपाल ने दिव्यांग बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व एवं भारतवर्ष में कई महापुरूष, संत, महात्मा, कवि, कलाकार एवं गायक दिव्यांग होने के बावजूद अपने–अपने क्षेत्र में काफी प्रतिष्ठित और प्रतिभावान रहे हैं। श्री टंडन ने कहा कि दिव्यांगता के बावजूद कई व्यक्तियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना तथा अपने देश और समाज का नाम रोशन किया है।

राज्यपाल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर दिव्यांग बच्चों को सप्रेम राजभवन आमंत्रित करने का कारण बताते हुए कहा कि इससे पूरे समाज को दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति स्नेह और समानता के भाव रखने की प्रेरणा मिलेगी। महामहिम राज्यपाल ने संस्था 'आशादीप' की सभी शिक्षिकाओं, प्रबंधन और बच्चों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बराबर अपने जन्मदिन सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों के प्रति जन–जागरूकता विकसित करने के जनहितकारी उद्देश्यों को लेकर मनाते आए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार दिव्यांग बच्चों के बीच जन्मदिन मनाकर उन्हें बेहद संतोष और खुशी हुई है।

आगे पृष्ठ...2 पर

कार्यक्रम में 'आशादीप' दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की प्राचार्या सिस्टर लिस्सेल ने कहा कि आज महामहिम को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों ने शुभकामनाएँ देकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि केन्द्र के सभी 198 दिव्यांग बच्चों एवं शिक्षिकाओं को महामहिम ने उपयोगी कीट्स प्रदान किए हैं तथा इन सभी मूक–बधिर, मंदबुद्धि और बहुविध दिव्यांग बच्चों को स्नेहाशीष प्रदान किया है।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह, संयुक्त सचिव श्री विजय कुमार, राज्यपाल सचिवालय के वरीय अधिकारीगण, कर्मीगण आदि भी उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि अपने जन्मदिन (12 अप्रैल) पर महामहिम राज्यपाल कल दिन में 12.30 बजे तक आगन्तुकों से मिलकर उनकी शुभकामनाएँ प्राप्त करेंगे। वे बाद में जन्मदिन पर अपने गृहनगर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पटना से प्रस्थान कर जायेंगे।

....